---

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **19 मार्च / March, 2021**

---

# सिडबी ओर दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की साझेदारी ने स्टैंडअप इंडिया योजना को आगे बढ़ाने हेतु "स्वावलंबन संकल्प - मेगा अभियान" के 16 वेबिनार पूरे किए

## SIDBI and Dalit Indian Chamber of Commerce & Industry partnership completes 16 "Swavalamban Sankalp – MEGA CAMPAIGN" webinars to promote the Stand-Up India scheme

स्टैंड-अप इंडिया ने अब तक 1.12 लाख आवेदकों को सशक्तीकृत किया है

As on date the Stand-Up India scheme has empowered over 1.12 lakh loan applicants

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न एक प्रमुख वित्तीय संस्था, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) के साथ साझेदारी में आज *'स्वावलंबन संकल्प - मेगा अभियान'* के 16 वेबिनार एपिसोड को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह अभियान, महिलाओं और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के वंचित और असेवित वर्गों के सशक्तीकरण के लिए भारत सरकार के एक प्रमुख कार्यक्रम, स्टैंड-अप इंडिया (एसयूआई) योजना, को बढ़ावा देने के लिए जागरूकत के विस्तार और व्यवसाय अवसर प्रदान करने के लिए एक-दिवसीय कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है। इस अभियान के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आकांक्षी उद्यमियों को वेबिनार के माध्यम से व्यवसाय के बारे में व्यावहारिक समझ प्रदान कर उन्हें रोजगार ढूढ़ने की बजाय रोजगार प्रदाता बनने का अवसर दिया जाता है।

The partnership of Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), along with Dalit Indian Chamber of Commerce & Industry (DICCI) has today successfully completed 16 webinar episodes of 'Swavalamban Sankalp - MEGA CAMPAIGN', a series of one day awareness outreach and business opportunity program to

give a fillip to the Stand-Up India (SUI) Scheme – a flagship program of Government of India (GoI) for empowering unserved/underserved segments of Women and SC-ST. Under the campaign aspiring SC-ST entrepreneurs are run through the webinar and it provides an opportunity to become “Job Giver” as against “Job Seeker”.

सिडबी के उप प्रबंध निदेशक श्री वी. सत्य वेंकट राव ने कहा, *“स्वावलंबन संकल्प - मेगा अभियान”* अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लक्षित युवाओं और उद्यमियों में स्वावलंबी बनने की ज्योति को प्रज्वलित करने का प्रयास करता है। हर अगले एपिसोड के साथ इस अभियान को विकसित होते देखकर खुशी होती है। आज, बैंक से ऋण-प्राप्ति और योजना के पहलुओं के बारे में बैंकरों द्वारा अपनी अनुभवसिद्ध जानकारी को साझा किए जाने के अलावा, आमंत्रित व्यवसायों ने अपने फ्रैंचाइज़ी मॉडल का भी प्रदर्शन किया और इसी के साथ सफल स्टैंडअप इंडिया उद्यमियों ने भी आकांक्षी उद्यमियों के साथ अपनी प्रेरणादायक उद्यमिता यात्रा को भी साझा किया ।

Shri V. Satya Venkata Rao, Deputy Managing Director of SIDBI said, “Swavalamban Sankalp – Mega Campaign attempts to ignite the spark of Swavalambi in the targeted SC-ST youth and entrepreneurs. Happy to see it evolving with very next programme. Today, besides experiential sharing by bankers on bankability and scheme contours, invited businesses showcased their franchise models as also successful Stand-Up India entrepreneurs shared their inspirational journey for aspirants.”

27 नवंबर, 2020 से आरंभ की गई यह वेबिनार श्रृंखला प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4:00 बजे आयोजित की जाती है और इस प्रकार के 24 वेबिनार पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आज का वेबिनार ऑटोमोबाइल उद्योग में नए फ्रैंचाइज़ी व्यवसाय के अवसर पर ध्यान आकर्षित करता है, जहाँ एक व्यापार *फ्रैंचाइज़र मैनेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लिमिटेड* के श्री वी. त्यागवेल के साथ-साथ मैसर्स बबीता एंटरप्राइजेज, जिसकी सफलता की अपनी कहानी है, की प्रोप्राइटर श्रीमती बबीता रानी को भी आमंत्रित किया गया था। अन्य वरिष्ठ वक्ताओं में डीआईसीसीआई और सिडबी के प्राधिकारी शामिल थे।

Beginning November 27, 2020, the webinar series are held every Friday at 4:00PM and the target is to complete 24 webinars. Today’s webinar focused on new franchise business opportunity in the automobile industry where a business franchisor Shri V. Thyagavel from Manatec Electronics Pvt. Ltd. was invited along with Smt. Babita Rani who is the proprietor of M/s Babita Enterprises and is a successful SUI story. The other senior speakers were from DICCI and SIDBI.

स्टैंड अप इंडिया के राष्ट्रीय मिशन को आगे बढ़ाने के लिए वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के मार्गदर्शन में सिडबी द्वारा स्थापित स्टैंड-अप मित्रा पोर्टल ने यथा 19 मार्च, 2021 तक 25,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि के 1.12 लाख से अधिक ऋणों की मंजूरियाँ सफलतापूर्वक दर्ज की हैं। माननीय प्रधान मंत्री ने समाज के लक्षित वर्ग को किसी भी बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता के बिना स्टैंड-अप इंडिया योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और ऑनलाइन वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने के लिए अप्रैल 2016 में स्टैंड-अप मित्र पोर्टल का शुभारंभ किया था। स्टैंड-अप इंडिया योजना,

अखिल भारतीय स्तर पर वंचित / असेवित वर्ग की महिला और अनुसूचित जाति (अजा) और अनुसूचित जनजातियों (अजजा) के उद्यमियों को रु.10 लाख से रु.1 करोड़ तक के नए उद्यम लगाने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने के उदेश्य सहित उन तक अपनी पहुँच सुनिश्चित करती है। योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप www.standupmitra.in पोर्टल पर जा सकते हैं।

The Stand-Up Mitra portal, which was set up by SIDBI under guidance of Department of Financial Services, Ministry of Finance, to pioneer the national mission of Stand-Up India scheme, has successfully recorded over 1.12 lakh loan sanctions worth more than Rs. 25,000 crore as on March 19, 2021. The portal was launched in April 2016 by Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi to extend online financial assistance to the target segment of the society without the need of visiting any bank branch and apply for loan online under the Stand-Up India scheme. The Stand-Up India scheme targets at ensuring access to unserved/underserved segments of women and Scheduled Caste (SC) & Schedule Tribes (ST) on pan India basis by providing them financial assistance starting from Rs. 10 lakh to Rs. 1 crore for setting up of greenfield (new) enterprises. To know more about the scheme, one can visit: www.standupmitra.in

**सिड्बी के बारे में**: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को लेकर चल रहा है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

**About SIDBI**: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in